वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 55 शुक्रवार 23 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## बिपरजॉय के बाद राजस्थान में एक्टिव होगा मानसून

**जयपुर. कासं।** राजस्थान में बिपरजॉय ने 16 से 20 जून तक जमकर तबाही मचाई। पिछले दो दिन से बारिश का दौर थम चुका है, लेकिन अब प्रदेश में फिर से प्री-मानसून एक्टिव हो रहा है। इसका असर गुरुवार देर शाम या शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि इस बार मानसून की एंट्री भरतपुर और कोटा संभाग से होगी। यहां के झालावाड़, बूंदी, सवाई माधोपुर और दौसा जिले में बादल गर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 30 से 40 डट की स्पीड से हवाएं भी चलेगी। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 25 जून से मानसून पूर्व की बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी राजस्थान में आगामी चार-पांच दिन अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। यहां के जिलों में गर्मी और उमस का असर बढ़ेगा। यहां 27-28 जून से बारिश की गतिविधियों में कुछ स्थानों पर बढ़ोतरी होने की संभावना है।



**40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा तापमान:** चक्रवात के कारण एक तरफ आधा राजस्थान बाढ़-बारिश झेल रहा है। वहीं, दूसरी और उत्तरी राजस्थान के जिलों के लोग गर्मी-उमस से परेशान है। कई जगहों का यहां दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के अलावा अजमेर और जयपुर संभाग में गर्मी के साथ तेज उमस रहेगी। गंगानगर में कल दिन का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। सूरज की तपन के साथ यहां उमस भी खूब रही। यही स्थिति बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ में रही। चूरू में बुधवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर में अधिकतम तापमान 40.2 और हनुमानगढ़ में 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में भी लोग उमस से परेशान रहे।

# जयपुर में बकाया वसूली के लिए नगर-निगम शुरू करेगा अभियान

### डेयरी बूथ का कलर गुलाबी करने की तैयारी, मूल आवंटी की होगी जांच



**जयपुर. कासं।** जयपुर में चल रहे 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन से नगर निगम ने बकाया वसूली की तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में रमेश चंद्र सैनी की अध्यक्षता में लाइसेंस समिति की तीसरी बैठक आयोजित की गई जिसमें शहर में चल रहे मैरिज गार्डन, डेयरी बूथ और होटल से बकाया वसूली करने के साथ ही स्विमिंग पूल को लाइसेंस समिति के दायरे में लाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। लाइसेंस समिति के चेयरमैन रमेश चंद्र सैनी ने बताया कि जयपुर में 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन ऐसे चल रहे हैं। जिन्होंने नगर निगम में बकाया शुल्क तक जमा नहीं कराया है। वहीं 350 से ज्यादा बिजी दूध भी ऐसे हैं। जिनका शुल्क बकाया चल रहा है। ऐसे में नगर निगम द्वारा अब अभियान के तहत बकाया वसूली की जाएगी ताकि नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी की जा सके। इसके साथ ही जयपुर में चल रहे डेयरी दूध के मूल आवंटी का सत्यापन और अवैध डेयरी बूथ की जांच भी की जाएगी। ताकि नगर निगम के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ भी करवाई हो सके। सैनी ने बताया कि वर्तमान में जयपुर में होटल संचालक होटल के खुले गार्डन में होने शादी समारोह करा रहे है। जबकि होटल के गर्दन पर समारोह करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता। जिससे निगम को राजस्व हानि हो रही है। वहीं अब निगम ऐसे नियम बनाएगा जिससे होटल के गार्डन एरिया का भी पंजीकरण करवाना होगा। इसके साथ ही शहर में चल रहे स्विमिंग पूल को लाइसेंस समिति के दायरे में लाया जाएगा। ताकि आम जनता को अधिक सुविधा और सुरक्षा मिल सके। बैठक में लाइसेंस समिति के सदस्य कविराज सेठी ने प्रस्ताव रखा कि जयपुर के सभी डेयरी बूथों का रंग अब गुलाबी नगर की थीम पर गुलाबी किया जाए। इसके साथ ही वर्तमान में चल रहे डेयरी बूथ आवंटन मामले में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की जाए। वहीं साधारण सभा की बैठक में भी इस मुद्दे को चर्चा में शामिल किया जाए। इस दौरान लाइसेंस समिति की बैठक में चैयरमेन पारस जैन, पार्षद प्रियंका अग्रवाल, राधेश्याम रैगर, सदस्य, शिवराज गुर्जर, कैलाश नारायण शर्मा, राजेन्द्र खरवास, लाइसेंस समिति की सचिव राजस्व अधिकारी पारुल सोनी, राजस्व अधिकारी मालवीय नगर विद्या सैन, जगतपुरा जोन से गीता कारानी समेत निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन की हुई क्राउन अनविलिंग

### 8 ब्रांड एम्बेस्डर्स देशभर में करेगी प्रतिभागियों की खोज, अगस्त तक होगी क्राउनिंग

**जयपुर. कासं**



विवाहित और प्लस साइज महिलाओं को फैशन और ग्लैमर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने वाला मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन अपने नए अंदाज के साथ फिर नजर आने वाला है। शहर में सी स्कीम स्थित पार्क प्राइम होटल में पैजेंट की क्राउन अनविलिंग इवेंट आयोजित हुआ। इस दौरान मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाजेशन के सीईओ नरेश मदान, फोर्टी राजस्थान क प्रेजिडेंट सुरेश अग्रवाल, फोर्टी लेडीज विंग महासचिव ललिता कुच्छल, अलका गौड़, गौरव प्रताप सिंह, केरला से एंटरप्रिन्योर डॉ शमला, पूनम मदान, पवन गोयल और जेडी माहेश्वरी ने शो से जुडी जानकारी दी। नरेश मदान ने बताया कि मिसेज यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित होते रहे सभी 8 ब्यूटी पेजेंट्स, दीवालिशियस मिसेज इंडिया यूनिवर्स और एलीट मिसेज वर्ल्ड, दीवालिशियस मिसेज इंडिया यूनिवर्स, दीवालिशियस मिसेज इंडिया वर्ल्ड, एलीट मिसेज इंडिया, दीवालिशियस सुपर मॉडल ऑफ द ईयर और दीवालिशियस मिस्टर मिस टीन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर्स की तलाश शुरू हो चुकी है। इसकी शुरूआत करते हुए क्राउन अनविलिंग और लॉन्च का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी 8 पेजेंट्स के लिए एक-एक ब्रांड एम्बेस्डर्स को देश के अलग-अलग कोने से चुना जा रहा है। ये सभी 8 एम्बेस्डर्स इन पेजेंट्स के लिए देशभर में प्रतिभागियों को खोज करेंगे, साथ ही अपने ब्रांड की ओर जागरूकता, लोकप्रियता और जानकारी पर भी कार्यरत रहेगी। अगस्त में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम के दौरान इन सभी ब्रांड एम्बेस्डर्स पर से पर्दा उठेगा।

# बायरा रिटेल आउटलेट का भव्य शुभारम्भ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वेज फार्म न्यू सांगानेर रोड पर स्थित बायरा ररटेल आउटलेट का विधायक कालीचरण सर्राफ द्वारा रिबन काट कर उद्घाटन किया गया। उपस्थित ग्राहकों के बीच विख्यात ज्योतिष आचार्य पांडित पुरुषोत्तम गौड जी, प्रमुख समाज सेवी श्री ओम प्रकाश मोदी, सीएमडी ओके प्लस ग्रुप एवां अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी। बायरा के निदेशक शेफाली ने बताया कि हम काफी वर्षों से लेडीज एथनिक वियर, पोटली बैग, पर्स, ज्वेलरी आदि की विशाल रेंज खुद तैयार करवा कर बाजार में उतारते आ रहे हैं। यह राधा गोविंद सिल्क एंड साडी, लालजी साांड का रास्ता की सीस्टर कनसर्न है।

## प्रतिदिन करें जिनवाणी श्रवण, धर्म साधना के लिए समर्पित हो चातुर्मास

### महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. के सानिध्य में यश सिद्ध स्वाध्याय भवन में धर्मसंदेश


**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

चातुर्मास में जिनवाणी प्रतिदिन श्रवण करने का लक्ष्य हमारा होना चाहिए। जहां भी हमारे नजदीक संत-साध्वी हो वहां पहुंचकर जिनवाणी श्रवण का लाभ लेना चाहिए। चातुर्मास की सार्थकता तभी है, जब उसमें खूब धर्म, तप, त्याग व साधना हो। आगामी चातुर्मास में सभी समर्पित भाव से जिनशासन की आराधना करें। ये विचार सांगानेर रोड स्थित यश सिद्ध स्वाध्याय भवन में मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या मरूधरा ज्योति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा में मधुर व्याख्यानी डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा. ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम चातुर्मास में सेवा व साधना का भाव रखे। परिवार हो या समाज सदा समभाव रखे यानि किसी के साथ कोई भेद नहीं करें। घर में बहु या बेटी एक जैसा व्यवहार करेंगे तो कभी कलह की स्थिति नहीं आएगी। धर्मसभा में तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा. ने संतोषी जीवन जीने की सीख देते हुए कहा कि व्यक्ति को 99वें के फेरे में पड़ने से बचना चाहिए। जो इस चक्कर में



पड़ जाता है अपने पास कितनी भी धन संपदा हो जाए संतुष्ट नहीं होगा। हमे धर्म साधना से परिपूर्ण जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए तब हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। अंत में महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. ने सभी के लिए मंगलभावनाएं व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। अरिहन्त विकास समिति चन्द्रशेखर आजादनगर के मंत्री सुरेन्द्र चौरड़िया ने सभी से 28 जून को मरूधरा ज्योति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा 6 के रूप रजत भवन में चातुर्मासिक मंगलप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने की विनती की। वरिष्ठ सुश्रावक भूपेन्द्र पगारिया ने भी विचार व्यक्त किए। यश सिद्ध महिला मण्डल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। यश सिद्ध स्वाध्याय भवन के मंत्री मुकेश डांगी ने सभी का स्वागत किया।

## धर्म नगरी उज्जैन में पांच विशुद्धरत्नों का भव्य मंगल मिलन, हुई भव्य अगवानी




**उज्जैन. शाबाश इंडिया।** प. पू. श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य प.पू. श्रमण मुनि श्री प्रशमसागर जी संसंघ (3) एवं प. पू. श्रमण मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज संसंघ का आज तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की तपस्थली धर्मनगरी उज्जैन की पावन धरा पर प्रातःकाल की बेला में भव्य मिलन सम्पन्न हुआ। मुनिश्री के आगमन पर शहर में जगह-जगह पाद प्रक्षालन हुआ, आरती उतारी गई। रंगोली सजायी गई। दिगम्बर जैन समाज उज्जैन के तत्वावधान में भव्य अगवानी की गई। प. पू. मुनिश्री सुप्रभसागर एवं प.पू. मुनि श्री प्रणत सागर जी महाराज उज्जैनी नगरी में वषायोग हेतु जुन्नारदेव (छिंदवाडा) से लगभग 400 किमी. का पद विहार करते हुए 19 जून को उज्जैन पहुँचे। इस मंगल विहार का संघपति बनने का सौभाग्य उज्जैन निवासी श्री शांतिकुमार-श्रीमती शशि, सौरभ श्रीमती कृतिका, दर्शित कासलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ एवं ऋषिनगर दि. जैन समाज उज्जैन ने समन्वयक की भूमिका निभाते हुए मंगल विहार पूर्ण कराया। प.पू. मुनि प्रशमसागर जी, मुनि श्री साध्य सागर जी एवं मुनि श्री संयत सागर जी महाराज ससंघ भोपाल से मंगल पद विहार करते हुए वर्षायोग हेतु बड़नगर के लिए गमन चल रहा है। इस क्रम में आज उज्जैन के घंटाघर चौक पर पाँच विशुद्धरत्नों का वात्सल्यमयी मिलन देखकर भक्तों का हृदय गद्गद् हो गया।

# योग कार्यशाला का हुआ आयोजन



**अमन जैन कोटखावदा/जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री मुनिसुव्रतनाथ फाउंडेशन द्वारा दुलार फाउंडेशन एवं ध्यान योग केंद्र के सहयोग से महल योजना जगतपुरा स्थित जैन मंदिर पार्क में एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। पतंजली योग पीठ प्रशिक्षित शांति प्रीति, सुभव शर्मा एवं अर्हं ध्यान प्रक्षिक्षिका निर्मला संघी के संयुक्त तत्वाधान में केंद्र सरकार द्वारा जारी योग प्रोटोकोल का पालन करते हुये जनमानस योगाभ्यास, प्राणायाम एवं अर्हम ध्यान प्रक्रिया से लाभान्वित हुए। संस्थान सदस्य अभिषेक सांघी द्वारा सभी योग शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

## राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महादेवपुरा में योग दिवस के दिन योगाभ्यास करवाया



**अमन जैन कोटखावदा/कोटखावदा।** महादेवपुरा में स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को योग प्रशिक्षक शंकर लाल गुर्जर द्वारा योगा अभ्यास करवाया गया। योग दिवस का कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश जोलिया के निर्देशन में सम्पन्न हुवा। जिसमें योग प्रशिक्षक शंकर लाल गुर्जर द्वारा स्टाप साथी विजय गौतम, कमल सिंह मेहरा, अशोक जांगिड पप्पू सहित कई ग्रामीण, स्थानीय कर्मचारियों व वरिष्ठ लोगों को विभिन्न मुद्राओं में योग का अभ्यास करवाया।

## उपाध्याय श्री 108 उर्जयंत सागर जी गुरुवर का आमेर नगर में मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अपार प्रसन्नता का विषय है परम श्रद्धेय प्रातः स्मरणीय जिन्होंने पंचम गति की उपलब्धि हेतु राग द्वेष आदि अंतरंग तथा बहिरंग वस्तुओं का त्याग कर दिया और विशुद्ध दिगंबरत्व को अंगिकार कर लिया। जो काम, क्रोध, मोह, माया आदि से निष्कलंक हैं। जो वर्तमान कालीन योगीराज आचार्य गुरुवर 108 श्री विमल सागर गुरुदेव महामुनि राज के पद चिन्हों पर चल रहे हैं। ऐसे उपाध्याय पट्टधारी पूज्य पाद गुरुदेव 108 श्री उर्जयंत सागर जी गुरुदेव का चतुर्मास कालीन प्रवास हेतु ऐतिहासिक नगर आमेर में मंगल प्रवेश हुआ। उक्त जानकारी देते हुए प्रचार संयोजक रमेश गंगवाल व बाबूलाल ईटून्दा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया आज प्रातः बेला में श्री दिगंबर जैन मंदिर पार्श्वनाथ स्वामी सोनियान खवास जी रास्ता जयपुर से पूज्य पाद उपाध्याय गुरुवर का विहार आरंभ हुआ। गुरुदेव शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए, मार्ग में स्थित जिनालयों के दर्शन करते हुए आमेर नगर में पहुंचे। चातुर्मास व्यवस्था समिति के कार्यक्रम संयोजक श्री रुपेन्द्र छाबड़ा ने बताया मावठा सरोवर से गुरुदेव को भव्य लवाजमे के साथ में श्रावक श्राविकाओं ने मार्ग में पूज्य उपाध्याय श्री की आरती उतारते हुए फागीवाला जैन मन्दिर में मंगल प्रवेश कराया। मंगल प्रवेश के समय समाज के सभी वर्गों के लोग मौजूद थे। तीर्थंकर वर्धमान स्वामी और उनके दिव्य उपदेश को समग्र विश्व के लिए जन-जन का बनाने एवं जैन आचार्यों द्वारा समग्र समाज के लिए जनहित कार्यों में योगदान तथा अहिंसा, शाकाहार, पर्यावरण एवं वर्धमान स्वामी के मुख्य सिद्धांत जियो और जीने दो के संदेश प्रवर्तन हेतु इस वर्ष होने वाले चातुर्मास में गुरुदेव इसी जिनालय में विराजमान रहेंगे। चातुर्मास व्यवस्था समिति के महामंत्री श्री दौलत जी फागीवाला ने बताया गुरुदेव के मंगल प्रवेश पर मोराबादी केसर लाल फागीवाला ट्रस्टी परिवार ने पाद प्रक्षालन और आरती उतार कर अगुवाई की। उपाध्याय श्री ने देवदर्शन कर मंचासीन होने के बाद हुई धर्मसभा में चित्र अनावरण श्री अजय कुमार जी सौरभ जी पाण्ड्या एवरग्रीन कारपोरेशन वालों ने किया।

## वेद ज्ञान

### धर्म हमेशा साथ रहेगा

समाज में हर इंसान को साधु की तरह जीवनयापन करना चाहिए। धर्म साधुओं के विषय में क्या कहता है? जो व्यक्ति मन में सोचते हैं कि मेरे लिए स्वयं के प्राण जितने बहुमूल्य हैं और लोगों के लिए भी उनके प्राण उतने ही प्यारे हैं। यही समझकर जो दूसरों के साथ व्यवहार करते हैं, वही हैं साधु। साधुता के विरुद्ध नहीं जाना है। जहां धर्म का निर्देश है, वहां दूसरी बात नहीं चलेगी। साधु से तात्पर्य-सफेद वस्त्रधारी व्यक्ति से नहीं है। प्राचीनकाल में नियम था कि जो व्यक्ति सिर से पैर तक सफेद वस्त्र धारण किए हो तो उसे साधु कहते थे और अगर लाल-गेरुवा वस्त्र हो तो उसे कहते थे संन्यासी। धर्म साधुओं के विषय में क्या कहता है? मान लीजिए कि जीवित मछली है और आप उसे काट रहे हैं। वह रो रही है। क्यूं-क्यूं आवाज कर रही है। वह बचना चाहती है और आप उसे मारना चाहते हो। उसे अपने को बचाने की ख्वाहिश है, आप में भी अपने को बचाने की उतनी ही ख्वाहिश है, उतनी ही अभिलाषा है, तमन्ना है। आप उसे मार कर उसे विकास करने से वंचित कर रहे हैं तो आप साधु का काम नहीं कर रहे हैं। धर्म का जो निर्देश है, वह आपको मानना ही पड़ेगा। आपको उस मछली को मारना नहीं चाहिए। वह आपकी दुश्मन नहीं है। यदि आप उसे मारते हैं तो धर्म-विरोधी काम कर रहे हैं। यहां आपका यह तर्क नहीं चलेगा कि मछली से प्रोटीन मिलता है। धर्म का निर्देश आपको मानना पड़ेगा। आप लोग स्पष्ट रूप में समझ गए होंगे। जहां धर्म का निर्देश है, वहां दूसरी बात नहीं चलेगी। आपका धर्म ही है जो मौत के बाद भी आपके साथ रहेगा। दुनिया के जितने मित्र हैं, प्रियजन हैं वे मौत के बाद साथ नहीं रहेंगे। वे चिता पर चढ़ा देंगे उसके बाद अपने-अपने घर चले जाएंगे, लेकिन धर्म अंत तक साथ रहता है। इसलिए आपका भी काम है-धर्म को मजबूत बनाना। जो अंत तक साथ रहे, वही तो सच्चा मित्र है। सच तो यह है कि मनुष्य अपने अच्छे कर्म द्वारा ही समाज में प्रतिष्ठित होते हैं। जो लोग अच्छे कर्म करते हैं उनमें धर्म का बीज कहीं न कहीं अवश्य रहता है। कर्मों के विषय में भी कहा गया है कि किसी कारणवश यदि इस जन्म में हमारा जीवन कष्ट में रहा तो उसके लिए पूर्व जन्म के संचित कर्म जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में यही प्रयास करना चाहिए कि हम बेहतर कर्म करने की राह पर चलते रहें।

## संपादकीय

# भारत में अधिक कुपोषित बच्चे...

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबंध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में सबसे बड़ा संकट खाद्य उपलब्धता का रेखांकित किया जाता रहा है। पिछले साल के आंकड़ों को देखते हुए यह चिंता अब और गहरी होने लगी है। पिछले साल पूरी दुनिया में बीस करोड़ पचास लाख लोगों ने गंभीर खाद्य संकट का सामना किया। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की ओर से जारी की गई वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट में चिंता जाहिर की गई है कि 2050 तक खाद्य



संकट की वजह से करीब 7.20 करोड़ लोगों के कुपोषित होने की आशंका है। इसके लिए संस्थान ने दुनिया के तमाम देशों को सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने के लिए तुरंत सक्रिय होने की जरूरत बताई है। इसके लिए अनुकूल, समावेशी और लचीला दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, ताकि संकट की स्थिति में इसे तुरंत प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। जलवायु परिवर्तन का सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी पर पड़ा है। कृषि उत्पादन में कमी दर्ज की जाने लगी है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की वजह से बड़े पैमाने पर फसलें बर्बाद चली जाती हैं। इसलिए भी खासकर विकासशील और गरीब देशों में खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता गहरी होती जा रही है। भारत के सामने यह संकट कई वजहों से बड़ा है। एक तो आबादी की दृष्टि से यह दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है। दूसरी तरफ कृषि उत्पादन के मामले में कमी दर्ज हो रही है। हालांकि खाद्यान्न के मामले में भारत आत्मनिर्भर है, मगर जिस तरह उत्पादन में कमी दर्ज हो रही है और जो उत्पादन होता है, उसका पूरी तरह सुरक्षित भंडारण नहीं हो पाता, उसमें खाद्य सुरक्षा कानून का लंबे समय तक पालन कर पाना चुनौती बनता जा रहा है। पहले ही अस्सी करोड़ से अधिक आबादी को मुफ्त के राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, उनके पास रोजगार के ऐसे साधन नहीं हैं कि वे अपना भोजन वे खुद जुटा सकें। इस तरह इस आबादी में कुपोषण की गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबंध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती। समुचित पोषण के लिए फल, दूध, सब्जियों आदि की पर्याप्त उपलब्धता भी जरूरी है। इसके लिए कोई सरकारी प्रबंध नहीं है। ऐसे में कुपोषण की समस्या यहां बढ़ने की आशंका अधिक है। मगर भारतीय कृषि नीति और कृषि क्षेत्र के लिए बजट के निर्धारण को देखते हुए यही लगता है कि सरकार अभी इस संकट को लेकर गंभीर नहीं है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# चरमपंथ को चोट...

खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुआ हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से निस्संदेह पंजाब में सक्रिय खालिस्तान समर्थक संगठनों को गहरा आघात पहुंचा है। निज्जर ने कनाडा में रहते हुए खालिस्तान के समर्थन में एक सशक्त संजाल तैयार कर रखा था, जिसके जरिए वह पंजाब में कुछ संगठनों को वित्तीय मदद, हथियार, गोला-बारूद वगैरह पहुंचाता था। उसके ही इशारे पर पंजाब में कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया था। कई थानों और पंजाब के खुफिया मुख्यालय पर हमला किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने अपनी जांचों में खुलासा किया था कि निज्जर कई हस्तियों की हत्या और बड़ी वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। सिख फार जस्टिस को उसका खुला समर्थन था। पाकिस्तान के कुछ चरमपंथी संगठनों के भी संपर्क में था। खबरों के मुताबिक कनाडा के एक गुरद्वारे के बाहर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई। जब वह अपनी कार में बैठा था, तभी मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। यह व्यक्तिगत रंजिश का मामला भी हो सकता है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है, जब कनाडा या किसी और देश में खालिस्तान समर्थक नेता की इस तरह हत्या हुई है। दो साल पहले खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के मुखिया हरमीत सिंह उर्फ हैप्पी की भी इसी तरह गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पिछले साल पाकिस्तान में हरविंदर रिंदा की रहस्यमय मौत हो गई। उसके कुछ महीने बाद पाकिस्तान में ही परमजीत पम्मा की गोली मार कर हत्या कर दी गई। निज्जर एक तरह से खालिस्तान आंदोलन की रीढ़ की हड्डी था। वह बब्बर खालसा को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहा था। इस तरह उसने खालिस्तान समर्थक दूसरे संगठनों को भी अपने साथ जोड़ रखा था। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने यह तथ्य भी उजागर किया था कि निज्जर के पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ के साथ भी संबंध थे। इस तरह पाकिस्तान के रास्ते वह पंजाब में हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने में कामयाब हो जाता था। ब्रिटिश कोलंबिया में उसने खालिस्तानी चरमपंथियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर भी लगाया था। पंजाब के पटियाला में उसने सत्यनारायण मंदिर के पास बम विस्फोट कराया, आठ साल पहले एक धार्मिक गुरु की हत्या की साजिश भी उसी ने रची थी। इसलिए वह लंबे समय से भारतीय जांच और सुरक्षा एजंसियों की नजर में था। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने उस पर दस लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। चार महीने पहले ही केंद्रीय गृहमंत्रालय ने निज्जर के संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। निज्जर से पंजाब में अस्थिरता पैदा होने और भारत की अखंडता को चोट पहुंचने का खतरा था। हालांकि खालिस्तान की मांग को लेकर चले हिंसक आंदोलन की प्रासंगिकता पंजाब के लोग बहुत पहले नकार चुके थे। मगर निज्जर जैसे कुछ चरमपंथी तत्त्व दूसरे देशों में बैठ कर उस आग को फिर से हवा देने में जुटे थे। वे पंजाब के युवाओं को उकसाते आ रहे थे। सिख पंथ का झंडा उठा कर उनकी धार्मिक आस्था का दोहन कर रहे थे। अमृतपाल सिंह भी उन्हीं गुमराह लोगों में एक था, जिसने पिछले दिनों पुलिस के सामने समर्पण कर दिया।

# यूरोप के सबसे बड़े राजस्थानी कार्यक्रम 'घूमर-2023' का सफल आयोजन




## लंदन में चंग की थाप और मारवाड़ी धुनों पर खूब थिरके प्रवासी भारतीय

### प्रसिद्ध राजस्थानी गायक संजय बिर्ख मुकंदगढवाले और राजस्थानी ब्रास बैंड रहे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

**अर्पित जैन/भैंसलाना. शाबाश इंडिया**

राजस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट, यू. के. ने लंदन के फेल्थम में घूमर का आयोजन कर प्रवासी भारतीय बंधुओं के जीवन में उत्साह का संचार किया। राजस्थान और भारत की खूबसूरत कला और अतुलनीय संस्कृति को जीवित रखने का सराहनीय प्रयास किया। मूलतः राजस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य भारतवर्ष के हर कोने तक इस तरह पहुंचना है कि देश का कोई भी बच्चा धनाभाव में शिक्षा या काबिलियत के बावजूद उचित अवसर से महरूम ना रहे। इसके साथ ही ट्रस्ट यूके में रह रहे प्रवासी भारतीय समुदाय के बीच अपनी अमूल्य संस्कृति एवं कला को जीवित रखने की आकांक्षा रखता है। अपनी सरजमी से दूर बसे प्रवासियों के मन में अपनी मातृभूमी की बात ही उत्साह भर देती है, इसलिए जब वतन से आए राजस्थानी ब्रास बैंड ने बजाई मधुर धुन व संजय के देशी मिजाज के साथ उठे कर्णप्रिय सुरों ने समा बांधा तो वहां मौजूद लोगों के मन मयूर हो गये और पांव अनायास ही थिरक उठे। इस फाल्गुनी माहौल का लुत्फ लोगों ने भाई हनवंत सिंह राजपुरोहित की ह्यकेतराजह्न टीम के स्वादिष्ट देशी खाने दाल बाटी चूरमा, लहसुन की चटनी और सब्जी पूरी व गुलाबजामुन के साथ उठाया। मंजर ये था कि प्रकृति भी आनंदित होकर झूम उठी और गर्म थकेले वातावरण को बारिश की बूंदों के साथ थिरकने को मजबूर कर दिया। ऐसे में ट्रस्ट ने बच्चों को बहलाने हेतु जादूगर का प्रबंध किया। परिसर को देशी रंग में ढालने में बिना किसी कोताही के खूबसूरत राजस्थानी हस्त कला से पूर्णसजावट की गयी। इस औजपूर्ण आभा में चार चांद लगाने को मौजूद थे हमारे आकर्षक राजस्थानी परिधान में सुसज्जित वोलिंटियर्स और प्रवासी बंधुजन। ऐसा लग रहा था कि प्रकृति समेत पूरा लंदन राजस्थान की महक में मदहोश हो। कार्यक्रम में ट्रस्टीगण एवं वोलिंटियर्स इस ट्रस्टीगण सुरजीत सिंह ढाका, सुरेश कुमार, अनिल कुल्हार, चारूलता राजपुरोहित व रचना ढाका मौजूद रहे।रजिस्ट्रेशन भाई अमित कुमार झाझडिया, कमल सहारन और नरेंद्र मंडीवाल द्वारा संपन्न किए गये। मंच सञ्चालन जिम्मा रचना ढाका, अचल सोनी और मुक्त चौधरी ने बखूबी निभाना। प्रिय मोनिका डोटासरा, सूर्या सोनी और यू के में अन्य राजस्थानी प्रवासियों ने मिलकर मनमोहक प्रस्तुतियों से समारोह के चार चांद लगा दिये। कैटरिंग सेवा हेतु केतराज रेस्टोरेंट- हनवंतसिंह राजपुरोहित, नन्दलाल सहारन के सानिध्य में प्रवीण जांगिड़, विनय गुलाटी, राहुल शर्मा परिसर व्यवस्था एवं अन्य गतिविधियों को दुरूस्त करने में अहम्‌ योगदान राजेंद्र कडवासरा, अंजु कुल्हार, विनोद भादू, मधु बाला, प्रदीप कुमार, विनोद नेहरा, राजदीप वर्मा और चंद्रदीप तिवाड़ी जी का रहा।इस खूबसूरत झलकियों को कैमरे में कैद किया चैतन्या कदम ने। स्पोंसर्स और पार्टनर्स सुमीत अग्रवाल, **DNS** एकाउंटेंट्स से, आप 2020 & 2021 में यू. के. के अकाउंटिंग एक्सीलेंस अवार्ड के फाइनलिस्ट रहे हैं और छोटे बिजनस, टैक्स और इनवेस्टमेंट एक्सपर्ट हैं। आपका हमारा स्पोंसर होना हमारे लिए सम्मान की बात है। अनिल मालिक, वन फाइनेंसियल सोलूशन्स आप पूरे यू. के. में किसी भी तरह की फाईनांस एडवाइज के लिए एक जाना माना नाम हैं। आपकी उपस्थिति ने हमारी हौसला आजफाई की। बिनु कोशी एस.बी.आई. यू.के. आप देश से परे स्वदेशी बैंकिंग के किंग हैं। आपकी स्पोंसरशिप से स्वदेशी भावना को बल मिला। प्रह्लाद फरड़ोदा, ओस्टेरले पार्क होटल की पावन उपस्थिति भी रही। यू के के दो बार क्वीन अवार्ड के विजेताः गजराज सिंह राठौर और श्याम बजाज ने स्पोंसर्स के रूप अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढाई और रामप्रकाश सोनी खुद स्पोंसर रहे व हमारे लिए अन्य स्पोंसर्स जोडने में सहयोगी रहे।

**सामाजिक प्रतिनिधिः** शरद भंसाली और प्रदीप बेदा, राजस्थान संघ, स्कॉटलैंड से, सोहनपाल सिंह नारवा और चैन सिंह सांपला, ब्रिटिश राजपूत संघ, यूके से, रोहित अहलावत और प्रवीण अहलावत, जाट समाज, यूके से, लख सिंह इंदा, पदम सिंह भाटी और रविंद्र सिंह पिछनौत, महाराणा प्रताप फाउंडेशन, यूके से, अरविंद चौधरी और दीपक दहिया, जाट्स यूके से, रामनरेश सोनी, महेश्वरी महासभा, यूके से, कुलदीप अहलावत और धीरेन्द्र डांगी, हरियाणा इन यूके असोसिएशन से, गौरव सिंह तोमर, जाट कुनबा यूके से, ने हमारे साथ मौजूद रहकर हमारा मान और संबल बढ़ाया।

### हमारे फ्लैग बियरर रहे हैं इस वर्ष के भामाशाह

सुरेश कुमार, बबिता चाहर, डॉक्टर रामचंद्र घासल, सुरजीत सिंह ढाका, बिंदु चौधरी, रचना ढाका, राजेंद्र कड़वासरा, भूपेंद्र सहारन और विनोद नेहरा जिन्होंने हमारी सरजमीं पर टकटकी लगाकर इंतजार कर रहे हमारे भविष्य निमार्ताओ की मदद हेतु कदम बढ़ाया।

# भरतनाट्यम, मूकाभिनय और संगीत प्रस्तुतियों ने मोहा मन




## विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास भी हुआ

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से बुधवार सुबह विश्व योग दिवस पर आयोजित विशेष सत्र में मीरा उपाध्याय ने योग, साधना और आसन के सरल अभ्यास कराए। इस दौरान स्टाफ सहित लोक कलाकारों और आमजन की भागीदारी रही। केंद्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि बाद में दर्पण प्रेक्षागृह में भरतनाट्यम गुरु पूजा नाथावत के निर्देशन में उनके शिष्य शिष्याओं ने विनायक वन्दना, देवी स्तुति, रामधुन और मिश्र अलारिपू की शानदार प्रस्तुतियां दी। अगली कड़ी में बच्चों से बड़े बीसियों मूकाभिनय कलाकारों ने बेहद संजीदगी से डस्टबिन, प्लान्टेशन वीक और वॉटर विषयक कथानक पर प्रभावी मंचन से उपस्थित दर्शकों की तालियां बटोरी। बता दें, सांस्कृतिक केंद्र की ओर से पिछले दिनों 14 दिवसीय मूकाभिनय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें शहर के 7 वर्ष से 69 वर्ष तक के रंगमंच जिज्ञासुओं को संगीत नाटक अकादमी अवार्ड प्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी विलास जानवे ने प्रशिक्षण दिया। उस कार्यशाला में किरण जानवे ने सहनिर्देशन और युवा प्रतिभाशाली रंगकर्मी मनीष शर्मा ने सहायक निर्देशक की भूमिका निभाई। गौरतलब है कि आज ही के दिन यानी 21 जून को विश्व संगीत दिवस और पंडित कुमार गन्धर्व की जन्म शताब्दी को ध्यान में रखते हुए संत कबीर के एक भजन ''हीरना समझ बूझ बन चरना'' को मूकाभिनय शैली में प्रस्तुत किया गया। इस खास मौके पर बाड़मेर के लूणे खां मांगणियार ने मीरा और कबीर भजन प्रस्तुत किए। वहीं, लुधियाना से लेकसिटी घूमने आए बाल गायक आइरिश सोनी ने किशोर कुमार का गीत ये जीवन है..इस जीवन का ''यही है रंग रूप'' गाकर दाद पाई। अंत में मूकाभिनय कलाकारों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश चांदवानी और प्रेरणा पंडया ने किया।

रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'

# योग थीम पर फैशन शो ने जमाया रंग



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनकर ग्रामीण विकास संस्थान व क्रिएशन ग्रुप द्वारा विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम मॉडल्स ने विभिन्न तरह के परिधानों को पहनकर सामूहिक योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण युवा मॉडल्स द्वारा योगा थीम पर फैशन शो रहा। इसमें मॉडल्स ने विभिन्न परिधान पहनकर योग मुद्राओं पर रैंप वॉक किया। क्रिएशन ग्रुप अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान योग के विषय में तथा योग साधना से होने वाले फायदों के विषय में बताया गया। मॉडल्स में सुगंधा चौबीसा, रेनू वर्मा, मानसी वर्मा, ज्योति अग्रवाल, काजल गारू, अक्षिता जैन, गर्विता प्रधान, प्रिया भीमावत, रोहित, मानस नाथ चौहान एवं शुभम कुमावत सहित उनके परिवार जन मौजूद थे।

# राजस्थान ब्राह्मण महासभा, महिला प्रकोष्ठ जिला द्वारा भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन




**अजमेर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा, महिला प्रकोष्ठ द्वारा आदर्श विद्या निकेतन पुष्कर रोड पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मीना शर्मा, सुलोचना, उषा गौड, दमयंती शर्मा द्वारा सरस्वती पूजन व माल्यार्पण व स्तुति हे प्रभु आनंद दाता प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अध्यक्ष मीना शर्मा ने कार्यकारी के गठन में सर्वसम्मति से पाँच केबिनेट सदस्यों के साथ प्रत्येक क्षेत्र अनुसार टीम लीडर घोषित किए गए। सभी ने इस बात पर सहमति जताई और अध्यक्ष मीना शर्मा की कार्यशैली की प्रशंसा की। सभी ने मैत्रीपूर्ण वातावरण में कार्य करने का विश्वास दिलाया। इसी कार्यक्रम में आने वाले सावन माह में शिव जल-अभिषेक का एक भव्य आयोजन करने हेतु योजना तैयार की, जिसमें सारी महिला शक्ति अपना सहयोग देगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष मीना शर्मा व कार्यकारिणी के महिला सदस्य विजयलक्ष्मी पारीक, मधुबाला, बबीता, भगवती शर्मा, अनीता, पिया, गायत्री, प्रिया शर्मा, रमा, चित्रा, मंजू, ममता, यशोदा, अनीता शर्मा, नीतू आदि ओर भी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन भगवान परशुराम जी की जयनाद से हुआ।



# ऐतिहासिक नगर आमेर में होगा जैन संत का चातुर्मास

## बूंदाबादी के बीच हुआ उपाध्याय ऊर्जयंत सागर का चातुर्मास मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जयपुर के ऐतिहासिक नगर आमेर स्थित संकटहरण पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर फागीवाला में होने जा रहे पूज्य उपाध्याय ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज के चातुर्मास 2023 हेतु भव्य मंगल प्रवेश हुआ। चातुर्मास समिति के महामंत्री दौलतमल फागीवाला के अनुसार आज प्रातः 6 बजे पूज्य उपाध्याय श्री ने ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोनियान से अपनी विहार यात्रा प्रारंभ करी, पुण्य उपाध्याय श्री सुभाष सर्किल, जोरावर सिंह गेट, जल महल होते हुए आमेर मावठा पाल पहुंचे जहां चातुर्मास समिति के सदस्यों द्वारा उपाध्याय श्री का पादप्रक्षालन और आगवानी की गई। समिति के मुख्य संयोजक रूपेंद्र छाबड़ा 'अशोक' के अनुसार आमेर मावठा पाल से शोभायात्रा के साथ उपाध्याय ऊर्जयंत सागर जी का मंगल प्रवेश प्रारंभ हुआ शोभायात्रा सुसज्जित लवाजमे के साथ संकटहरण श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर फागीवाला की और शुरू हुई। शोभायात्रा में हाथी, ऊंट, घोड़े, बग्गी, बैंड सहित विभिन्न मंदिरों के महिला मण्डल मंगल कलश लिए चल रहे थे, इस अवसर पर इंद्र देव भी अपनी मंद मंद बूंदों से आमेर की वादियों को मनोहारी बना रहे थे। समिति के प्रचार संयोजक बाबू लाल ईटून्दा के अनुसार शोभायात्रा मंदिर पहुंच धर्मसभा में परिवर्तित हुए, जहां जिनेन्द्र जैन जीतू द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर धर्म श्रेष्ठि श्री अजय कुमार जी, सौरभ कुमार जी पांड्या द्वारा भगवान के चित्र का अनावरण किया गया, वही समाज श्रेष्ठि श्री रामगोपाल जी सर्राफ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूज्य उपाध्याय श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज ने संत संगति के लाभों को समझाते हुए कहा कि देव, शास्त्र और गुरु के सानिध्य से प्राप्त अवसर को सुअवसर बनाते हुए हमे अपने मनुष्य जीवन का कल्याण करना चाहिए। पूज्य उपाध्याय श्री ने कहा भगवान पार्श्वनाथ का जीवन चरित्र हम सभी को प्रेरित करने वाला है। जिस प्रकार भगवान पार्श्वनाथ ने मरते हुए नाग नागिन को बचाया, उस समय यह नही सोचा के ये जहरीले है। उन्होंने बस यही सोचा के ये बेगुनाह जीव है, जो अज्ञानता वस जलाए जा रहे हैं। उसी के परिणाम स्वरूप जब पार्श्वनाथ पर उपसर्ग आया तब वही नाग नागिन भगवान के उपसर्ग निवारण में सहायक बने। इसी प्रकार हम साधर्मी बंधुओ कि मदद करते समय यह नही सोचना चाहिए के यह मेरा दुश्मन है। पूज्य उपाध्याय श्री ने कहा मित्र और सहयोगी या दुश्मन हमारी मनोस्थिति के कारण होते हैं। चातुर्मास समिति के मुख्य समन्वयक मनीष वैद ने बताया कि आज के चातुर्मास मंगल प्रवेश शोभायात्रा में जयपुर शहर के प्रताप नगर, दुगार्पुरा, सिद्धार्थ नगर, वैशाली नगर सहित दौसा के समाज बंधु उपस्थित रहे।







# नीमकाथाना में योग दिवस मनाया



**नीमकाथाना. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरानाबास में योग दिवस मनाया गया ।एयू बनो चैंपियन नीमकाथाना प्रभारी हेमेश सेन ने बताया कि योग दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह आर्य, शारीरिक शिक्षक बहादुर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक जाखड़, राहुल सैन, सुमेर जाखड़,रोहित, देवकरण एवं अन्य ग्रामीण जन तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# महिला बंदियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार जयपुर द्वारा सेंट्रल महिला जेल एवं ज़िला जेल जयपुर में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्राणायाम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत बंदियों को योग, प्राणायाम, एवं ध्यान कराया गया। जिस्मे बंदियों द्वारा उक्त कार्यक्रम में शामिल हो कर जीवन में ध्यान साधना का संकल्प लिया गया। जेल अधीक्षक शिवेंद्र शर्मा एवम जेल स्टाफ द्वारा भी कार्यक्रम में भाग लिया गया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम कराने का विश्वास दिलाया। उक्त कार्यक्रम योग दिवस पर राजस्थान की सभी जेलो में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा कराए गए है जिनसे लाभान्वित होकर कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिणाम मिले है। कार्यक्रम का संचालन महिला केंद्रीय कारागार में आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ टीचर अपर्णा शर्मा एवं जिला जेल में विजय दत्त शर्मा ने संपादित किया।



# काशीपुरी शीतल स्वाध्याय मे जयकारों से हुआ साध्वीयों का अभिनन्दन



## इंसान जैसे कर्म करेगा वैसा ही उसे मिलेगा : साध्वी प्रिती सुधा

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** इंसान जैसा करेगा वैसा ही फल पाएगा। प्रखर वक्ता डॉ प्रिती सुधा ने शीतल स्वाध्याय भवन काशीपुरी मे प्रवचन सभा के दौरान श्रध्दालूओ से कहा की राजा हो या रंक कर्म किसी को नही छोड़ने वाले ।कर्म प्रबल है शुभ या अशुभ कर्मो का फल अवश्य भोगना पड़ेगा।मनुष्य अच्छे कर्म करता नहीं और अपेक्षा अच्छाई की करता हैं वह तभी संभव हो सकता है जब वह परमात्मा के बतायें गये सदमार्ग पर चलेगा तभी मानव जीवन का लक्ष्य प्राप्त करके अपने अशुभ कर्मो के बंधन से इस आत्मा को संसार से मुक्ति दिला सकता है ।साध्वी मधु सुधा कहा कि प्राणी जैसा बोयेगे वैसा ही उसे मिलेगा। नवदिक्षीता संयम सुधा ने धर्मसभा मे उपस्थित सभी श्रोताओं को भजन के माध्यम से मंत्रमुग्ध बना दिया । अहिंसा भवन के मंत्री रिखबचन्द पीपाड़ा ने बताया की गुरूवार को सुभाष नगर ने साध्वी उमराव कंवर, प्रितीसुधा आदि साध्वीयो के शीतल स्वाध्याय भवन पधारने पर मंत्री माणकचंद पीपाड़ा नवरतनमल बम्ब,ज्ञानेन्द्रसिंह चौधरी,प्रेमसिंह कोठारी अहिंसा भवन के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल, अशोक पोखरना, सुशील चपलोत, संदीप छाजेड़, ओम प्रकाश सिसोदिया,कंवरलाल सूरिया, प्रमोद सिंघवी आदि पदाधिकारियों के साथ महिला मंडल से रजनी सिंघवी,संजुलता बाबेल,अजंना सिसोदिया, सुनीता झामड़, रश्मि लोढ़ा,सुनीता बोरदिया आदि सभी ने साध्वी मंडल की अगवानी करते हुये अभिनन्दन किया। शुक्रवार को सभी साध्वीवृंद चन्दशेखर आजाद नगर रूप रजत भवन ओर 24 जुन को न्यूज आजाद नगर जैन स्थानक मे प्रातः 9 बजे साध्वी मंडल के विषेश प्रवचन सभा रहेगी तथा दिनांक 26 सोमवार को प्रातः 8:30 बजे शास्त्री नगर मे संजुलता बाबेल के निवास स्थान से भव्य जूलुस के साथ अहिंसा भवन मे चातुर्मास मंगल प्रवेश रहेगी।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का जलसेवा अभियान

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने की जलसेवा

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**




बारिश के मौसम के बावजूद रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जलसेवा चालू रही। दर्जनों जलसेवको ने रेलवे स्टेशन पहुंच सोगरिया एक्सप्रेस, नंदा देवी एक्सप्रेस, कोटा मथुरा पैसेंजर, देहरादून एक्सप्रेस, कोटा पटना एक्सप्रेस गाड़ियों पर रेल यात्रियों के लिए जल सेवा की। जल सेवा के संयोजक एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि जल सेवा में गत दिवस अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई एवं जिला महिला इकाई के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जल सेवा में सहयोग करने पहुंचे और अपने हाथों से रेल यात्रियों को जल पिलाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया । इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महावैश्य सम्मेलन आलोक - अंजू मालधनी की ओर से एक- एक ट्रॉली वास्ते 5100- 5100 रुपए देने की घोषणा की गई। जल सेवा में पधारे अतिथि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल महिला इकाई की जिला अध्यक्ष श्रीमती रीना पल्लीवाल अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष संजना मित्तल आलोक मालधनी ने उपस्थित जल सेवकों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जल सेवा में आकर हमें बड़े अद्भुत आनंद की प्राप्ति हुई है। अपने हाथों से प्यासे व्यक्ति को जल पिलाकर जल पीने वाले एवं जल पिलाने वाले दोनों व्यक्तियों को बहुत ही मन में शांति मिलती है। जैन सोशल ग्रुप का सामाजिक सरोकार से जुड़ा हुआ जल सेवा कार्य बेहतरीन एवं प्रशंसनीय है। आज गंगापुर सिटी का नाम जल सेवा के क्षेत्र में सब जगह चर्चित है। इस अवसर पर जल सेवा संयोजक नरेंद्र जैन नृपत्या एवं जल सेवा सह संयोजक धर्मेंद्र जैन पांड्या ने अतिथियों को ग्रुप द्वारा संचालित जलसेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इस जलसेवा के माध्यम से आज लोगों में मानव सेवा करने की प्रेरणा मिल रही है एवं आमजन भी समाज सेवा से जुड़ने लगे हैं।

### रेलवे यूनियन के नेताओं का किया स्वागत

जल सेवा के दौरान नंदा देवी एक्सप्रेस से कोटा से दिल्ली की ओर जा रहे वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव एवं ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की जोनल सचिव महिला नेत्री कॉमरेड चंपा वर्मा का जल सेवकों ने माला पहना कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही कामरेड मुकेश गालव को गत दिनों जिनेवा में हुए 111वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भारत की ओर से श्रमिकों का शानदार प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई दी। जल सेवा में सुरेंद्र कुमार मित्तल जिलाध्यक्ष, श्रीमती रीमा पालीवाल महिला जिलाध्यक्ष, श्रीमती संजना मित्तल अग्रवाल महिला सेवा समिति, अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार गुप्ता, आलोक मालवानी, अशोक अग्रवाल, रिंकू, अशोक कमालपुरा, लक्ष्मी गुप्ता, साक्षी गुप्ता, श्रीमती शिप्रा गोयल प्रदेश महामंत्री, अंजू माल धनी सहित कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पधार कर जल सेवा मे सहयोग किया। सभी अतिथियों का दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की ओर से रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन जलसेवा सह संयोजक धर्मेंद्र जैन पांड्या, सौरव गंगवाल, विजेंद्र कासलीवाल, राजेश गंगवाल, विनोद खंडेलवाल, वीरेंद्र आर्य, राजेश बंसल, बासुदेव बंसल, पूजा खंडेलवाल, प्रवीण कुमार, पूर्णिमा गोयल, रेनू आर्य, कुलदीप गौतम आदि ने माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

# वात्सल्य धाम रैवासा के बच्चों को जयपुर भ्रमण के दौरान उपहार वितरित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वर्गीय श्रीमती विमला देवी धर्मपत्नी स्व. श्री धर्मचंद अजमेरा (सीकर वाले) जयपुर की तृतीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्र-पुत्रवधु आलोक-सुनीता अजमेरा व आनंद-वर्षा अजमेरा सहित समस्त अजमेरा परिवार द्वारा वात्सल्य धाम रैवासा के बच्चों को जयपुर भ्रमण के दौरान दुर्गापुरा जैन मंदिर स्थित भवन में शानदार भोजन करवाया गया और बच्चों को उपहार प्रदान किये गए। वात्सल्य सेवा समिति रैवासा द्वारा संचालित 'वात्सल्य धाम' वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद व प्रेरणा से निरंतर मानव सेवा व जीव दया को समर्पित संस्थान है।

# जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम का एक दिवसीय योग शिविर संपन्न




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम के संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र हरकावत ने बताया कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ग्रुप द्वारा एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन सेक्टर 3 नेमिनाथ जैन मंदिर प्रांगण में प्रातः 6.30 बजे से किया गया। जिसमें ग्रुप परिवार के दम्पति सदस्यों और बच्चों की उपस्थिति रही। ग्रुप अध्यक्ष विपिन जैन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ नवकार मंत्र के जाप से किया गया। शिविर में सदस्यों ने वार्मअप, प्राणायाम, डांस योग, हास्य योग, रिलैक्सेशन आदि योगिक क्रियाओं के द्वारा सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का बहुत आनंद लिया। शिविर में सदस्यों को योग को नियमित करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रुप सचिव सुमित खाब्या ने बताया कि शिविर में प्रशिक्षण डायनामिक योग स्टूडियो की प्रशिक्षिका गुनित मोंगा एवम उनकी टीम के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। शिविर का समापन राष्ट्रगान से किया गया।

# आचार्य सौरभ सागर महाराज आज चूलगिरि में

## वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चन्द्र छाबडा सहित जैन बन्धुओं ने कानोता में लिया आशीर्वाद, रविवार को हवामहल से होगा भट्टारक जी की नसियां में भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के सुयोग्य शिष्य आचार्य 108 सौरभ सागर महाराज का शुक्रवार,23 जून को प्रातः7.00 बजे आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि पर भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस मौके पर क्षेत्र कमेटी सहित श्रद्धालुओं द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व आचार्य श्री आगरा से लंबा विहार करते हुए गुरुवार को प्रातः जयपुर के आगरा रोड पर कानोता कस्बे में पहुंचे जहां जैन बंधुओं ने कृष्णा वृंदावन गार्डन पर भव्य अगवानी व अभिनंदन किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एवं चूलगिरि अतिशय क्षेत्र के संरक्षक प्रवीण चन्द्र छाबड़ा एवं राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सुनील साखूनिया सहित कई गणमान्य श्रेष्ठीजनों,चौमूं बाग, चित्र कूट कालोनी के श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के दर्शन लाभ लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव सौरभ सागर महाराज शुक्रवार,23जून को प्रातः 4.30 बजे आचार्य श्री कृष्णा वृंदावन गार्डन से चूलगिरि अतिशय क्षेत्र के लिए मंगल विहार करेंगें। आचार्य श्री खानियां में संघीजी की नसियां,राणा जी की नसियां के दर्शन करते हुए चूलगिरि पर्वत पर पहुंचेंगे जहां क्षेत्र कमेटी एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। चूलगिरि पर आहार चर्या के बाद सामायिक, सायंकाल गुरु भक्ति,आरती एवं रात्रि विश्राम के आयोजन होंगे। आचार्य श्री का शनिवार,24 जून को प्रातः मोहनबाडी के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। रविवार,25 जून को प्रातः 6 बजे आचार्य श्री मोहनबाडी से मंगल विहार कर प्रातः 7.15 बजे बड़ी चौपड़ पर हवामहल पहुंचेंगे जहां से भट्टारक जी की नसियां के लिए मंगल प्रवेश जुलूस रवाना होगा।

**भट्टारक जी की नसियां में आचार्य श्री के सानिध्य में धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। अन्त में समाज बन्धुओं का वात्सल्य सहभोज रखा गया है।**

आचार्य श्री का 2023 का मंगलमय चातुर्मास जयपुर के दक्षिण संभाग प्रताप नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 8 में होगा। आचार्य श्री भट्टारक जी की नसियां से बापूनगर, दुर्गापुरा, सूर्य नगर तारों की कूंट होते हुए बुधवार ,28 जून को सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कालोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेंगे। जहां से गुरुवार,29 जून को प्रातः विशाल जुलुस के साथ प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। रविवार 2 जुलाई को आचार्य श्री का चातुर्मास मंगल कलश स्थापना का समारोह होगा जिसमें पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होंगे।

## आचार्य विद्यासागर जी का चातुर्मास डोंगरगढ़ में होगा




**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

**डोंगरगढ़।** श्रमण संस्कृति के महामहिम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज इस युग के ऐसे महाश्रमण हैं जिनके दर्शन और सानिध्य पाना अथवा किसी नगर या ग्राम में उनके चातुर्मास का होना नगर वासियों के लिए महा सौभाग्य एवं धन्यता का विषय होता है। इस वर्ष आचार्य श्री के 57 वे चातुर्मास का महा सौभाग्य उनकी ही प्रेरणा एवं आशीर्वाद से निर्मित दिगंबर जैन तीर्थ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ को तीसरी बार प्राप्त होने जा रहा है। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आचार्य श्री इन दिनों चंद्र गिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में ससंघ विराजमान है । आपके साथ संघस्थ मुनि श्री प्रसादसागरजी,मुनि श्री चंद्रप्रभसागरजी एवं मुनि श्री निरामयसागरजी महाराज भी विराजमान है। आपके चातुर्मास की स्थापना का मंगल कलश समारोह संभवतः 2 जुलाई से 7 जुलाई के बीच चंद्र गिरी डोंगरगढ़ में होगा । समारोह में इंदौर सहित देशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। आचार्य श्री का 23 जून को 56 वां मुनि दीक्षा दिवस देशभर में मनाया जाएगा। मुख्य समारोह आचार्य श्री के ससंघ सानिध्य में चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में होगा। इस उपलक्ष में इंदौर के विभिन्न जिनालयों में भी आचार्य श्री की पूजन, एवं विनयांजलि के कार्यक्रम होंगे। स्मरणीय है कि आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज ने दिनांक 30 जून 1968 ( आषाढ़ शुक्ल पंचमी ) को अजमेर शहर में ब्रह्मचारी विद्याधर को मात्र 22 वर्ष की आयु में मुनि दीक्षा प्रदान की थी।

## मुनि सर्वानंद महाराज ससंघ का आज शुक्रवार को छोटा गिरनार अतिशय क्षेत्र में होगा मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रसिद्ध दिगम्बर जैन आचार्य 108 वसुनंदी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सर्वानंद महाराज,मुनि जिनानन्द एवं मुनि पुण्यानन्द महाराज ससंघ का गुरुवार को रामपुरा स्थित ओम हास्टल चाकसू में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में जयपुर के श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट कर दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला, संरक्षक ज्ञान चंद जैन, कोषाध्यक्ष पंकज जैन लुहाड़िया सहित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मीरा मार्ग, अग्रवाल फार्म के अध्यक्ष सुशील पहाड़ियां, मुनिभक्त राजेन्द्र जैन चौमूं वाले, जम्बू सोगानी एवं सुभाष चन्द जैन सहित कई गणमान्य श्रेष्ठीजन शामिल हुए।

# योग साधना आश्रम में 'मानसिक शांति योग्य सत्संग' समारोह

## विदेशों में सर्वत्र फैल रहा है योग: स्वामी महेश्वरानंदपुरी

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महामंडलेष्वर स्वामी महेष्वरानंद महाराज ने कहा कि योग आज विदेष में सर्वत्र फैल रहा है और भारतवासी योग जिसकी धरोहर है,वे इसे छोड़ रहे हैं। अतःयोग करें और निरोग रहे। वे आज यहां बापू नगर स्थित योग साधना आश्रम में योग साधना आश्रम संस्थापक स्वामी आनंदानंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर **'मानसिक शांति योग्य सत्संग'** समारोह में विषिष्ठ अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि योग से ही शरीर व मन को स्वस्थ बना सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे ब्रह्म परानंद सरस्वती, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ.अर्चना शर्मा व विख्यात उद्योगपति श्याम बिहारी थे। प्रारंभ में स्वामी आनंदानंद जी महाराज की वाणी पढ़का सुनाई। इसके बाद योगिनी डॉ.पुष्पलता ने स्वामी के व्यक्तित्व व कृतिव पर प्रकाष डालते हुए योग में शारीरिक स्वास्थ्य,मानसिक शांति कैसे प्राप्त कर सकते हैं,इसके बारे में बताया। इस मौके पर स्वामी ब्रह्म परानंद जी ने गीता की विषेष व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण को योगीराज कहा गया है। योग भारतीय संस्कृति का विषेष अंग है। इसलिए योग को जीवन में अपनाना चाहिए। योग के बिना जीवन अधूरा है।जीवन में समता धारण करना ही योग है। स मौके पर समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ.अर्चना शर्मा ने योग्य विद्यार्थियो को प्रमाण वितरित करते हुए उन्होंने भी विद्यार्थियों को योग करने व कराने की प्रेरणा दी। इस दौरान आश्रम संचालिका डॉ.पुष्पलता की के मेरी जीवन यात्रा पर पुस्तिका का विमोचन किया। अंत में डॉ.पुष्पलता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।हरि संकीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## नोवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अजय कुमार जैन ने सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में योगा सेशन अटेंड किया



### भारत के मुख्य न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीश एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भी शामिल हुए

**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**

अजय कुमार जैन , अधिवक्ता, योगा वैलनेस इंस्ट्रक्टर एवं अरहम ध्यान योग ट्रेनर , जो झुमरीतिलैया निवासी ओर दिल्ली के प्रवासी ही, जूम एप के माध्यम से अभी तक नियमित, निशुल्क और निरंतर करीब सवा 3 साल में 1200 से ज्यादा क्लासेस ले चुके हैं ।यह क्लास 25 मार्च 2020 को जब भारत में लॉकडाउन शुरू हुआ था तभी से गुरुदेव मुनि श्री प्रणम्य सागरजी महाराज के आशीर्वाद से यह ऑनलाइन अरहम ध्यान योग की क्लास25 मार्च 2020 से नियमित निशुल्क और निरंतर चली आ रही है। 21 जून 2023 को 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ऑनलाइन के माध्यम से अजय कुमार जैन ने विशेष क्लास ली जिसमें देश -विदेश से अनेक लोगों ने भाग लिया इस क्लास के माध्यम से हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ, मानसिक लाभ और आध्यात्मिक लाभ मिला है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में अजय कुमार जैन ने इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया के ऑफिसर्स के लिए भी योगा सेशन कराया। अजय कुमार जैन मिनिस्ट्री ऑफ आयुष से सर्टिफाइड योगा वैलनेस इंस्ट्रक्टर है और इनका नामका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज हुआ है और उनको इंडियन अचीवर्स अवार्ड, ग्लोबल वैलनेस फोरम टॉप 10 बेस्ट परफारमेंस अवॉर्ड, एवं ग्लोबल वैलनेस एंबेसडर अवार्ड, 2022 भी मिल चुका है। **कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा**

## एस. एम. एस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रामबाग सर्किल, जयपुर में योग शिविर आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 को ( नगर निगम ग्रेटर )जयपुर के तत्वावधान मे एस. एम. एस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रामबाग सर्किल, जयपुर में प्रात 6:00 बजे से योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर द्वारा आयोजित कराया गया।इस योग शिविर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विशाल गौतम, डॉ अंशुल शर्मा, डॉ कपिल कुमार आनंद प्रमुख रूप से सम्मलित हुए। साथ ही साथ इनके निर्देशन मे लगभग 50 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एंव स्वयं सेविकाओं ने शिविर मे आकर योगाभ्यास किया और योग गुरुओं के विचारों से लाभांवित हुए। जिसमे प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ( टीम लीडर ) अक्षय मौर्य, शुभम पारीक, भाविका जैन, आकाश नागर, अशोक चौधरी, खुशी शर्मा, प्रतीक छीपा, मोहित महला आदि उपस्थित थे।

## उदयपुर के समीप स्थापित होगी विश्व की सबसे ऊँची पंचमुखी हनुमान प्रतिमा

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** शौर्य, शक्ति और भक्ति की धरा मेवाड़ में आध्यात्म क्षेत्र में एक और नया आयाम जुड़ने जा रहा है। उदयपुर जिले के देबारी- कुराबड़ मार्ग पर स्थित शिशवी गांव के गुरूधाम परिसर में 151 फीट ऊंची पंचमुखी बालाजी की मूर्ति बनने जा रही है। दावा किया जा रहा है कि यह मूर्ति विश्व की सबसे ऊंची पंचमुखी हनुमान प्रतिमा होगी। जिसे बनने में 2 वर्ष का समय लगेगा। स्टील, कंक्रीट और फाइबर से बनने वाली यह मूर्ति पहाड़नुमा स्थल पर स्थापित होकर 15 किमी दूर से दिखेगी। मूर्ति के शिलान्यास कर्ता संयोजक महंत गिरधारीदास महाराज ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि इस मूर्ति का निर्माण स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण करने वाले श्रीराम सुथार के निर्देशन और पंचमुखी बालाजी विकास समिति के सान्निध्य में जन सहयोग होगा।

# अधिकांश लोग प्याज क्यों खाते हैं? प्याज खाने के क्या फायदे हैं क्या नुकसान है?

**खाने में तड़का लगाते समय प्याज न डले और सलाद में इसकी जगह न हो, तो खाने का स्वाद ही नहीं आता। बेशक, इसे काटते समय आंखों में पानी जरूर आता है, लेकिन इसे खाने से जो अनगिनत फायदे होते हैं, उसका कोई मुकाबला नहीं है। खासकर, गर्मियों में कहा जाता है कि प्याज खाने से लू नहीं लगती। आपको जानकर हैरानी होगी कि प्याज सिर्फ लू भर ही नहीं, बल्कि डायबिटीज व कैंसर जैसी बीमारियों से बचाने में भी सक्षम है। प्याज का इस्तेमाल खाना बनाने में किया जाता है। वहीं, इसे कच्चा भी खाया जा सकता है और इसकी चटनी व आचार भी बनता है। इसका स्वाद तीखा और तेज होता है। इसे किसी भी तरह के मौसम में आसानी से उगाया जा सकता है। अगर इसके पौधे की बात करें, तो वैज्ञानिक इसे तना मानते हैं, जो जमीन के अंदर रहता है। यह पौधे को ठीक तरह से बढ़ने में मदद करता है।**



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

प्याज का रस रक्त शर्करा को नियंत्रित कर सकता है। अध्यय के अनुसार, प्याज में क्रोमियम होता है, जिस कारण यह मधुमेह के मरीजों के लिए फायदेमंद है। साथ ही इसमें सल्फर, क्वेरसेटिन व एंटीडायबिटिक गुण भी होते हैं, जो रक्त शर्करा पर सकारात्मक असर डाल सकते हैं। इसलिए, मधुमेह जैसी समस्या से बचने के लिए प्रतिदिन सीमित मात्रा में प्याज का सेवन किया जा सकता है। वहीं, अगर कोई मधुमेह से ग्रस्त है, तो उसे डायबिटीज की दवा के साथ-साथ प्याज का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

## कैंसर

वैज्ञानिकों के अनुसार, प्याज में स्तन व पेट के कैंसर का कारण बनने वाली कोशिकाओं को पनपने से रोकने की क्षमता है। प्याज में क्वेरसेटिन व एंथोसायनिन की मात्रा अधिक होती है। क्वेरसेटिन एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है । एंटीऑक्सीडेंट शरीर में मुक्त कणों को बनने से रोकता है, जिस कारण कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। इसलिए, प्याज का सेवन करने से शरीर में कैंसर के जीवाणुओं को पनपने का मौका नहीं मिलता। प्याज का सेवन करने से मुंह के कैंसर से भी बचा जा सकता है ।यह पाया भी गया है कि जो लोग प्याज का सेवन अधिक करते हैं, उन्हें कैंसर होने की आशंका कई गुना कम हो जाती है। इस प्रकार प्याज खाने के फायदे में कैंसर की रोकथाम भी है। यहां हम स्पष्ट कर दें कि कैंसर घातक बीमारी है। अगर कोई कैंसर से पीड़ित है, तो उसे डॉक्टर से इलाज करवाना चाहिए।

## पाचन तंत्र

प्याज के औषधीय गुण में पाचन तंत्र को बेहतर करना भी है।पके हुए प्याज में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे कब्ज व गैस जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं। अगर कब्ज की समस्या नहीं होगी, तो पाचन तंत्र सही प्रकार से काम करेगा। प्याज में पाए जाने वाले इस फाइबर को ओलिगोफ्रुक्टोस कहा जाता है। यह आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को पनपने में मदद करता है, ताकि आंत ठीक से काम कर सके। इतना ही नहीं, ओलिगोफ्रुक्टोस दस्त जैसी समस्या में भी लाभदायक साबित हो सकता है। प्याज में पाए जाने वाले पाइथोकेमिकल्स गैस्ट्रिक अल्सर के असर को काफी हद तक कम कर सकते हैं।प्याज में कुछ प्राकृतिक प्रोबायोटिक्स भी होते हैं, जो कब्ज को दूर करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, यह पेट में दर्द व पेट में कीड़े होने जैसी समस्याओं से भी राहत दिला सकता है, लेकिन इस पर अभी और शोध की जरूरत है।

## बेहतर ह्रदय स्वास्थ्य

प्याज में पाया जाने वाला क्वेरसेटिन गुण ह्रदय के लिए भी अच्छा है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट के साथ-साथ एंटीइंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जिससे ह्रदय बेहतर तरीके से काम कर सकता है। प्याज कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित कर सकता है, जो ह्रदय के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्याज में फ्लेवोनोइड होता है, जो मोटे लोगों में एलडीएल यानी खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकता है। प्याज खून में प्लेटलेट्स को एक-दूसरे से चिपकने से रोक सकता है, ताकि खून के थक्के न जमें और हार्ट अटैक की आशंका कम हो जाए।इसके अलावा, प्याज उच्च रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है, जो ह्रदय के लिए अच्छा नहीं होता।

## मजबूत हड्डियां

रिसर्च के अनुसार प्याज उम्र बढ़ने के साथ होने वाली ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों का कमजोर होकर टूटना) की आशंका को कम कर सकता



है। वहीं, एक अन्य अध्ययन के अनुसार, जो महिलाएं प्रतिदिन प्याज खाती हैं, उनकी हड्डियां प्याज न खाने वाली महिलाओं की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक मजबूत होती हैं ।साथ ही 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के प्याज खाने से हड्डियों पर सकारात्मक असर पड़ता है। अर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, प्याज में पाया जाने वाला क्वेरसेटिन इतना असरकारी है कि यह ल्यूकोट्रिएन, प्रोस्टाग्लैंडिंस और हिस्टामाइन के प्रभाव को कम कर सकता है। ये सभी ऑस्टियोअर्थराइटिस व रुमेटाइड अर्थराइटिस में सूजन का कारण बनते हैं। इसके अलावा, प्याज खाने से जोड़ों के दर्द से भी राहत मिल सकती है। प्याज के औषधीय गुण की सूची में हड्डियों की मजबूती भी है।

## सूजन व एलर्जी से राहत

जैसा कि आप जान ही चुके हैं कि प्याज में क्वेरसेटिन नामक तत्व होता है, जो सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, क्वेरसेटिन में एंटीहिस्टामाइन नामक गुण भी होता है, जो एलर्जी से लड़ने में आपकी मदद कर सकता है। ऐसा माना जाता है कि अगर खाने में प्याज का इस्तेमाल किया जाए, तो साइनस की समस्या दूर हो सकती है। अगर आप रात के समय कच्चा प्याज खाते हैं, तो उसमें मौजूद सल्फर नामक यौगिक बलगम को बाहर निकालने में मदद कर सकता है। प्याज में एंटीबैक्टीरियल गुण भी होता है। इसके रस का सेवन करने से दांतों को खराब करने वाले और एलर्जी का कारण बनने वाले स्ट्रेप्टोकोकस म्यूटंस व स्ट्रेप्टोकोकस सोब्रिनस बैक्टीरिया के प्रभाव को कम कर सकता है। इसलिए, प्याज खाने के फायदे में सूजन को कम करना भी है।

## बेहतर रोग प्रतिरोधक प्रणाली

स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए विटामिन-सी की जरूरत होती है और प्याज में मौजूद फाइटोकेमिकल्स शरीर में विटामिन-सी को बढ़ाने का काम करते हैं। प्याज में सेलेनियम भी होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर कर सकता है। प्याज का सेवन करने से शरीर में विटामिन-सी की मात्रा बढ़ती है।विटामिन-सी प्रतिरक्षा प्रणाली में मौजूद फ्री रेडिकल्स को खत्म करता है और विषाक्त पदार्थों को साफ करता है।

## मुंह का स्वास्थ्य

यह तो सभी जानते हैं कि कच्चा प्याज खाने के बाद मुंह से बदबू आने लगती है, लेकिन आप यह नहीं जानते होंगे कि कच्चा प्याज मुंह के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। इसमें थायोसल्फ्रेट्स और थियोसल्फोनेट्स नामक दो सल्फर यौगिक पाए जाते हैं, जो दांतों को सड़ाने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर सकते हैं। प्याज में विटामिन-सी होता है, जो दांतों की सेहत के लिए जरूरी है। इतना ही नहीं, प्याज मुंह के कैंसर को पनपने से रोकने में भी मदद कर सकता है।

## कान दर्द से राहत

ऐसा माना जाता है कि कान में होने वाले दर्द को प्याज से ठीक किया जा सकता है। इसके लिए प्याज को गर्म करके उसका रस निकाला जाता है और प्रभावित कान में डाला जाता है।

-शेष अगले अंक में